# RMSI and Deltares partner to test the water quality of Naini Lake, Nainital

RMSI and Deltares recently came together to assess the water quality of the Naini Lake in Nainital. A six-member team of experts inspected the river channel, took test samples, and investigated to understand the impact of contamination. RMSI works towards preserving the natural resources crucial for our planet to survive the brunt of climate change.

## नैनीताल में पानी की गुणवत्ता की जांच

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में इन दिनों एडीबी प्रोजेक्ट के तहत आरएमएसआई नई दिल्ली और डेल्टारेस नीदरलैंड की कंपनी के विशेषज्ञ मिलकर नैनीताल के जल स्रोतों के पानी की गुणवत्ता की जांच कर रहे हैं। इस क्रम में गुरुवार को दोनों कंपनियों की 6 सदस्यीय टीम ने ब्रिटिश नालों के साथ ही नैनी झील में समाने वाली गंदगी की जांच की। उन्होंने पहले चरण की जांच में पाया है कि नैनीताल जिले के विभिन्न स्रोतों के पानी की गुणवत्ता ठीक है, लेकिन नालों के रास्ते कुछ घरों का पानी नैनी झील में गंदगी के रूप में समाता है। नैनी झील के जल की गुणवत्ता को यह कितना प्रभावित कर रहा है। इसके लिए जांच नमूने लिए गए हैं। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि इस बारे में फाइनल रिपोर्ट आने के बाद ही सटीक रूप से कुछ कहा जा सकता है। आरएमएसआई के सीनियर मैनेजर शफीक अहमद ने बताया कि कुछ नालों में घरेलू पानी छोड़ा जा रहा है जो नैनीझील को दूषित करने का कार्य कर रहे हैं हालांकि ऐसे कुछ ही मामले हैं, लेकिन फिर भी भविष्य को देखते हुए किस तरह से योजनाएं बनाने की जरूरत है और ब्रिटिश नालों के रखरखाव को कैसे सुनियोजित तरीके से निकासी के लिए प्रयोग किया जा सकता है। इस पर विचार किया जाना है। साथ ही उन्होंने नेशनल होटल के पास 4 एमएलडी के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने जल संस्थान की टीम के साथ विभिन्न जल स्रोतों के पानी की क्वालिटी प्रदूषण और उस में पाए जाने वाले तत्व की जांच की।

